BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 14 अगस्त, 2024 **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना खुर्जा नगर**

गौकशी करने वाले बदमाशों से स्वाट टीम व थाना खुर्जा नगर पुलिस की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 01 बदमाश घायलावस्था में अपने 01 अन्य साथी सहित गिरफ्तार, कब्जे से अवैध चाकू/असलहा, कारतूस, गोकशी करने वाले उपकरण व 01 कार बरामद।

जनपद में तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 13/14.08.2024 की रात्रि में एक अभिसूचना पर स्वाट टीम व थाना खुर्जा नगर पुलिस टीम कमालपुर तिराहा झाझर रोड के रास्ते पर संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग में मामूर थी, इसी दौरान एक कार में सवार 02 व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये। जिनको रूकने का इशारा किया गया तो बदमाश कार को मोड़कर तेजी से भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा किया गया तो कुछ दूरी पर बदमाशों की कार रोड से उतर गयी जिस पर बदमाशों द्वारा अपने आपको पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में 01 बदमाश गोली लगने से घायल हुआ, जिसको घायलावस्था में अपने 01 अन्य साथी सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार/घायल बदमाशों की पहचान 1. सुलेमान पुत्र असलम निवासी मौहल्ला कुरैसियान बड़ा बाजार कस्बा व थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर (घायल) 2. चाँद पुत्र यामीन निवासी मौहल्ला अलीनगर रामपुर रोड थाना कोतवाली नगर जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। घायल बदमाश को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि जनपद गौतमबुद्धनगर के थाना जारचा क्षेत्र में सुलेमान बदमाश द्वारा गौकशी की घटना को अंजाम दिया था जिसके सम्बंध में थाना जारचा पर मुअसं-161/24 धारा 3/5/8 गौवध अधि0 पंजीकृत किया गया था जिसमें लगातार सुलेमान बदमाश की तलाश की जा रही थी। उक्त बदमाश शातिर किस्म के गौकश अपराधी हैं। पूछताछ पर अभियुक्त चांद द्वारा बताया कि ये लोग वर्षो से आस-पास के जनपदों में गोकशी करने वाले बदमाशों के गैंग से जुड़े हुए हैं जो आस-पास के जनपदों में गोकशी कर माल को कारों के द्वारा दिल्ली सीलमपुर सप्लाई किया करते हैं तथा अभियुक्त चांद द्वारा माल खरीदने व बेचने वालो के बीच मध्यस्थता की जाती हैं तथा इस काम के लिए वह 10 रूपये प्रतिकिलो कमीशन लेता हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता

1. सुलेमान पुत्र असलम निवासी मौहल्ला पीरखाँ बड़ा बाजार कस्बा व थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर।
2. चाँद पुत्र यामीन निवासी मौहल्ला अलीनगर रामपुर रोड थाना कोतवाली नगर जनपद हापुड़।

बरामदगी-

1- 01 तमंचा 315 बोर, 01 जिंदा व 01 खोखा कारतूस।
2- 01 चाकू
3- गौकशी करने वाले उपकरण।
4- 01 कार (सुजूकी SX4) रजिनं0- डीएल 3पीबीएस 1333।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना खुर्जा नगर पर मु0अ0सं0 718/24 धारा 109(2)/3(5) व 3/4/25/27 शस्त्र अधिन0 पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

अभियुक्त सुलेमान का आपराधिक इतिहास-

1. मुअसं- 161/24 धारा 3/5/8 गौवध अधि0 थाना जारचा जनपद गौतमबुद्धनगर।
2. मुअसं- 718/24 धारा 109(2)/3(5) व 3/4/25/27 शस्त्र अधि0 थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्त चाँद का आपराधिक इतिहास-

1. मुअसं- 220/15 धारा 3/5/8 गौवध अधि0 थाना जवां जनपद अलीगढ़।
2- मुअसं- 223/15 धारा 3/5/8 गौवध अधि0 थाना जवां जनपद अलीगढ़।
3- मुअसं- 718/24 धारा 109(2)/3(5) बीएनएस व 3/4/25/27 शस्त्र अधि0 थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।

स्वाट टीम-

1- उ0नि0 श्री राहुल चौधरी, प्रभारी स्वाट टीम
2- उ०नि० शिवम तोमर ,है0का0 कपिल नैन, है0का0 राहुल त्यागी, है0का0 मनीष त्यागी, का0 सचिन चौहान, का0 नरेंद्र कुमार, का0 रोहित कुमार, का0 अमित कुमार।

थाना खुर्जा नगर पुलिस टीम-

1- श्री राजपाल सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना खुर्जा नगर।

2- उ0नि0 सतीष चन्द्र यादव, उ0नि0 सोवरन सिंह, उ0नि0 विजय सिंह, है0का0 इनाम सैफी, है0का0 सितम, है0का0 आशीष कुमार, का0 प्रवेश बैसला, का0 प्रदीप कुमार, का0 वेद प्रकाश

मीडिया सेल बुलंदशहर